Title: Regarding need to expedite construction of Post Office building at Shekhpura district headquarter, Bihar-Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय): मेरे बेगुसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत शेखपुरा जिला मुख्यालय में पोस्ट ऑफिस बनाने का भवन स्वीकृत किया गया है। जमीन भी उपलब्ध है, लेकिन आज तक उक्त भवन का निर्माण नहीं होने के कारण बड़ी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि वहां के लोगों की समस्याओं को देखते हुए शीघ्र भवन निर्माण कराने का आदेश देने की कृपा की जाये।